समूह सत्र नं0– 4

सुविधाएँ व प्रतिबंध

सत्र का उद्देश्य :

- पुरूष होने के नाते सुविधायें और प्रतिबंध को पता कर पायेंगें।
- यह समझ पायेंगे कि यह किस तरह से पूर्ण मानवीय क्षमता और रचनात्मकता को प्राप्त करने से रोकता है।

पद्वति : व्यक्तिगत चिंतन (रिफलेक्शन), सूची बनाना

समय : 60 मिनट

सामग्री : चार्ट, मार्कर

चरण :

1. प्रतिभागियों को उनकी उपस्थिति के आधार पर चार या दो समूह में बॉंटे। उनमें से 2 समूहों को महिला तथा 2 समूहों को पुरूषों की भूमिका निभाने को कहे।
2. समूह 1 के सदस्यों को उन सुविधाओं को लिखने के लिए कहें जो एक पुरूष होने के नाते उन्हें मिली हैं।
3. समूह 2 के सदस्यों को उन प्रतिबन्धों को लिखने के लिए कहें जो एक पुरूष होने के नाते होते हैं।
4. समूह 3 के सदस्यों को उन सुविधाओं को लिखने के लिए कहें जो एक महिला होने के नाते होते हैं।
5. समूह 4 के सदस्यों को उन प्रतिबन्धों को लिखने के लिए कहें जो एक महिना होने के नाते होते हैं।

(**नोट–** अगर उपस्थिति कम है तो दो ही समूह बनाये तथा एक समूह को पुरूषों की मिलने वाली सुविधाएं तथा प्रतिबन्ध तथा दूसरे समूह को महिलाओं को मिलने वाली सुविधाएं तथा प्रतिबन्ध लिखने के लिए कहें)

6. उपरोक्तकार्य के लिए 20 मिनट का समय निर्धारित कर दें तथा जरूरत पड़ने पर 5 मिनट का समय और दें।
7. दोनो समूहों को चार्ट व मार्कर वितरित करें। जब समूह के सदस्य अपने–अपने समूह में चर्चा करने और लिखना शुरू कर दे ंतब उन्हें ज्यादा से ज्यादा उत्तर निकालने के लिए उत्साहित करें।
8. समूह कार्य के बाद चार्टो को दीवार पर लगवा दें तथा हर समूह से एक व्यक्ति को समझाने के लिए आमंत्रित करें। हर समूह की प्रस्तुतीकरण के बाद तांलिया अवश्य बजाने के लिए प्रोत्साहित करें।

संभावित उत्तर – पुरूष	**संभावित उत्तर – महिला**
<u>सुविधाएं</u> रात में बाहर जाने, अपने निर्णय लेने, बाहर खाना खाने, कहीं भी रिश्तेदारी में आने–जाने की रूवतंत्रता, मनचाहा काम करने, दोस्त बनाने व साथ में घूमने, खेलने, छेड़खानी करने	**<u>सुविधाएं</u>** बच्चों को जन्म, रंगिले कपड़े पहन सकते हैं, अपने दु:ख व खुशी को बांट सकती हैं, पैसा कमाने का दबाव नही .... **<u>प्रतिबंध</u>**

प्रतिबंध खुल कर रो नहीं सकते, भावनावों को बांट नहीं सकते, सीमित पहनावा, बच्चों के लालन–पलन से वंचित	स्वतंत्र रुप से बाहर नहीं जा सकतीं, कोइ नौकरी व्यवसाय नहीं कर सकतीं, अपनी मर्जी से शादी नही कर सकतें, पढ़ाई करने ....

प्रकाशित होने वाले मुद्दे –

ध्यान दें कि पुरूषों के लिए ज्यादा सुविधाएं है जबकि महिलाओं के लिए ज्यादा प्रतिबंध हैं।

वर्तमान समय में बहुत सारी सामाजिक मूल्यों व मान्यताओं के कारण पुरूषों पर भी कई तरह के प्रतिबंध हैं। लेकिन यह प्रतिबंध उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की अपेक्षा कम हैं तथा उनमें भी ज्यादातर पुरूषों को सुविधाएं देती हैं। कुछ सुविधाएं पुरूष को महत्वपूर्ण बनाती हैं। जैसे– पुरूष घर का खर्चा–पानी चलाने वाला है। यह पुरूष पर एक तरह का बोझ भी हो सकता है।

सभी प्रतिबंध पूर्ण मानवीय क्षमता के उपयोग करने व रचनात्मकता को प्राप्त करने से रोकता है, इससे सम्बंधों में कडुवाहट आती है। वर्तमान सामाजिक ढँाचे में प्रतिबन्ध सबसे ज्यादा महिलाओं को प्रभावित करता है। इसलिए प्रतिबन्ध चाहे जिस किसी के साथ हो वह ठीक नही है क्योंकि इससे आगे बढ़ने व विकास के मौके कम हो जाते हैं। इसलिए हमें धीरे–धीरे इन प्रतिबन्धों को कम करने का प्रयास करना चाहिये ताकि हमारे रिश्ते मजबूत बन सकें।

नोटः सत्र समापन के पूर्व समूह सदस्यों की प्रतिक्रियाएं जरूर लें तथा उनके द्वारा व्यक्त किये जाने वाले विचारों को नोट कर लें तथा जरूरत के आधार पर ही स्पष्टीकरण दें।